Success Key Test Series	**SUCCESS KEY TEST SERIES** X (English) **(Worksheet-2 Hindi (Ch- 7.8))** Hindi-	DATE: TIME: 1 hrs MARKS: 25 SEAT NO:

विभाग १ - गदय

Q.1 परिच्छेद पढ़कर दी गई सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ कीजिए (गदय)

A1) i) अनुच्छेद पढ़कर दी गई कृतियाँ पूर्ण कीजिए :- 1

1) परिच्छेद में वर्णित एक भाषा

2) इनकी तबीयत कमजोर है

ii) अनुच्छेद पढ़कर दी गई कृतियाँ पूर्ण कीजिए :- 1

लेखक द्वारा लिखे गए पत्रो की तारीख

9

प्रिय सरोज,

तुम्हारा १६ से १८ तक लिखा हुआ पत्र आज अभी मिला | इस महीने में मैंने इन तारीखों को पत्र लिखे हैं – तारीख १,९, १५ और चौथा आज लिख रहा हूँ | अब तुमको हर सप्ताह मैं लिखूँगा ही | तुम्हारी तबीयत कमजोर है तब तक चिरंजीव रैहान मुझे पत्र लिखेगी तो चलेगा | मुझे हर सप्ताह एक पत्र मिलना ही चाहिए |

पूज्य बापू जी चाहते हैं तो हिंदू – मुस्लिम एकता के लिए मुझे अपनी सारी शक्ति उर्दू सीखने के पीछे खर्च करनी चाहिए | तुमको मैंने एक संदेश भेजा था कि तुम उर्दू लिखना सीखो | लेकिन अब तो मेरा एक ही संदेश है – पूरा आराम लेकर पूरी तरह ठीक हो जाओ |

तारों के नक्शे बनाने के लिए कंपास बॉक्स भी मँगाकर रखा है | लेकिन अब तक कुछ हो नहीं पाया है |

मैंने अपने फूल के गमले अपने पास से निकाल दिए हैं | सादे क्रोटन को ही रहने दिया है |

सबको काका का सप्रेम शुभाशीष

A2) i) कारण लिखिए :- 1

बापू जी इच्छानुसार काका को उर्दू सीखनी चाहिए ।

ii) एक-एक शब्द में उत्तर लिखिए :- 1

1) इन्हे हर सप्ताह एक पत्र मिलना चाहिए ।

2) लेखक अपने पास इसे रहने दिया है ।

A3) i) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए 1

1) जानकारी दिखनेवाला चित्र

2) घरों में पौधे लगाने का पात्र

ii) परिच्छेद में से दो भाववाचक संज्ञा चुनकर लिखिए। 1

१ ..... २ .....

A4) स्वमत :- 2

"पत्र लिखने का सिलसिला सदैव जारी रहना चाहिए " इस संदर्भ में अपने विचार लिखिए |

विभाग २ - पदय

प्र. २ पद्यांश पढ़कर सूचना के अनुसार कृतियाँ कीजिए (पद्य)

A1) i) अनुच्छेद पढ़कर दी गई कृतियाँ पूर्ण कीजिए :- 1

1) सुर सरगम हैं - .....

2) परिछेद में वर्णित बिक्री का एक ढंग - .....

ii) अनुच्छेद पढ़कर दी गई कृतियाँ पूर्ण कीजिए :- 1



मौसम से क्या लेना मुझको ये तो आएगा-जाएगा दाता होगा तो दे देगा खाता होगा तो खाएगा | कोमल भँवरों के सुर सरगम पतझारों का रोना – धोना मुझपर क्या अंतर लाएगा पिचकारी का जादू – टोना ओ नीलाम लगाने वालो पल – पल दाम बढ़ाने वालो मैंने जो कर लिया स्वयं से वो अनुबंध नहीं बेचूँगा |
अपनी गंध नहीं बेचूँगा ||

A2) i) उत्तर लिखिए :- 1

1) कविता में प्रयुक्त युग्म शब्द चुनकर लिखिए

2) पदयांश में प्रयुक्त लययुक्त शब्द चुनकर लिखिए|

ii) निम्न शब्दों के लिए प्रश्न तैयार कीजिए :- 1

भँवरा

A3) भावार्थ लिखिए :- 2

मुझपर क्या अंतर लाएगा पिचकारी का जादू - टोना
ओ नीलाम लगाने वालो पल - पल दाम बढ़ाने वालो
मैंने जो कर लिया स्वयं से वो अनुबंध नहीं बेचूँगा |
अपनी गंध नहीं बेचूँगा ||

प्र. ३ **विभाग ३ - भाषा अध्यन (व्याकरण)**

(1) अधोरेखांकित शब्द का भेद लिखिए **(2)**

भिश्ती ने चूने में पानी <u>ज्यादा</u> डाल दिया।

(2) निम्नलिखित वाक्य में प्रयुक्त अव्यय ढूँढ़कर उसका भेद लिखिए **(2)**

(1) 1929 के बाद मेरी रुचि पढ़ाई और सामाजिक कार्यों में बढ़ी |

(2) उनके लिए खास भोजन बना था।

(3) सुचना के अनुसार कालपरिर्तन किजिए **(2)**

1) मानू फूट – फूटकर रो रही थी | (अपूर्ण भविष्य काल)

2) उसे देखने में आनंद आता है| (सामान्य भूतकाल)

प्र. ४ पत्र लेखन - **(5)**

वार्ड अधिकारी साउथवार्ड कांदिवली / अपने क्षेत्र में व्याप्त गंदगी की शिकायत हेतु / 11/21 अमृत मंथन को. आप. हौ. सो. गोराई से कमलेश / कमला सिंह पत्र लिखता / लिखती है	